# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/775 दिनांक 02/03/2012

## // संशोधित–अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक पद्धति की मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रैल 2012 के लिये स्नातक बी.ए./बी.कॉम./ बी.एससी./बी.एच.एस.सी. प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के असंस्थागत/भूतपूर्व/द्वितीय अवसर के छात्रों के लिये परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं :–

| विवरण | परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम एवं दिनांक<br>बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष |
|---|---|
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 05/03/2012 |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 07/03/2012 |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(Update)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | 12/03/2012 |

आवश्यक निर्देश :–

1. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.univindia.com** पर उपलब्ध करा दिये गये हैं तथा स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा हेतु **NEW EXAM FORM** ऑप्सन की लाइनें खोल दी गयी हैं। 'न्यू एक्जाम फार्म' ऑप्सन से छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन–पत्र भरें एवं 'प्रिन्ट एक्जाम फार्म' ऑप्सन से परीक्षा आवेदन–पत्र पत्र प्रिन्ट करें। तथा छात्रों के भरे हुये परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत ही अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

2. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा **निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार** ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है तो संबंधित प्रभारी प्राध्यापक/कर्मचारी एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। विषय समूहों की जानकारी अधिसूचना के साथ संलग्न है।
3. समस्त प्राचार्यगण यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन–पत्रों को अपडेट करते समय समस्त मांगी गयी जानकारियां पूर्ण रूप से अपडेट की गयी हैं अथवा नहीं। एवं छात्रों के फोटो व हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट किये जायें।
4. **उपरोक्त समस्त कक्षाओं के लिये छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र उन महाविद्यालयों के लॉगिन आईडी पर उपलब्ध करा दिये गये हैं जहॉ से छात्र ने गत वर्ष परीक्षा आवेदन–पत्र भरा था। छात्रगण Student Login पर जाकर गत वर्ष की परीक्षा का अनुक्रमांक डालकर भी अपना परीक्षा आवेदन–पत्र बेवसाइट से प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र उसी महाविद्यालय से अग्रेषित किया जावेगा, जिस महाविद्यालय से उसने गत् वर्ष में परीक्षा हेतु अपना परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित कराया था। प्रथम वर्ष के लिये छात्र जिस महाविद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है, वह उस महाविद्यालय से प्रिंटेड परीक्षा आवेदन–पत्र प्राप्त कर फार्म भरें।**
5. विभिन्न कक्षाओं हेतु वार्षिक परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :–

| कक्षा का नाम | असंस्थागत परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क | भूतपूर्व परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क | पूरक द्वितीय अवसर परीक्षा शुल्क प्रति विषय |
|---|---|---|---|
| बी.ए./बी.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (बिना प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1240/– | रूपये 965/– | रुपये 550/– |
| बी.ए./प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1640/– | रूपये 1365/– | रूपये 550/– |
| बी.ए./बी.कॉम. तृतीय वर्ष (बिना प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1590/– | रूपये 1315/– | रुपये 550/– |
| बी.ए./बी.कॉम. तृतीय वर्ष (प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1990/– | रूपये 1715/– | रुपये 550/– |
| बी.एससी./बी.एचएस.सी. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष | रूपये 1780/– | रूपये 1505/– | रुपये 550/– |
| बी.एससी./बी.एचएस.सी. तृतीय वर्ष | रूपये 2130/– | रूपये 1855/– | रुपये 550/– |

6. उपरोक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क असंस्थागत छात्र 60/–, भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर छात्र 80/– रूपये, एवं अग्रेषण शुल्क 50/– प्रति छात्र तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। उपरोक्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है।

7. विषय समूहों की जानकारी, जो स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिये लागू होगी निम्नानुसार है, उक्त विषय समूहों के अतिरिक्त किसी भी विषय में परीक्षार्थी का आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक परीक्षार्थी को एक विषय समूह में से केवल एक ही विषय का चयन करना होगा।

## स्नातक कक्षा हेतु विषय–समूह

(अ) कला संकाय (बी.ए.)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | अंग्रेजी साहित्य/संस्कृत/मराठी/उर्दू/हिन्दी साहित्य/फंक्शनल अंग्रेजी/फंक्शनल हिन्दी |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | इतिहास/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/दर्शनशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | समाजशास्त्र/सैन्यविज्ञान/मनोविज्ञान/गृहविज्ञान |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/राजनीतिशास्त्र/चित्रकला/संगीत (मौखिक) वाद्य तथा नृत्य/ गणित/कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

(ब) विज्ञान संकाय (बी.एससी.)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | रसायनशास्त्र/सांख्यिकी/भूविज्ञान/सैन्यविज्ञान/स्टिल फोटोग्राफी/कम्प्यूटर साइंस |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | गणित/प्राणिकी/अर्थशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | भौतिकशास्त्र/वनस्पतिशास्त्र |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/इण्डिस्ट्रयल कैमेस्ट्री/बायोकैमेस्ट्री/इण्डिस्ट्रयल माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटैक्नोलॉजी/इनवायरमेंटल साइंस |

(स) वाणिज्य संकाय (बी.कॉम)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | एकाउन्ट ग्रुप |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | मैनेजमेन्ट ग्रुप |
| 3. | विषय समूह तृतीय | एप्लाईड इकोनोमिक्स/कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

8. प्राचार्यगण असंस्थागत/भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र उसी दशा में अग्रेषित करें जब छात्र को उस कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने की नियमानुसार पात्रता रखता हो। प्रथम वर्ष के परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ नामांकन फार्म अनिवार्य रूप से संलग्न कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें तथा अन्य प्रदेश एवं अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों के प्रथम वर्ष के परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ नामांकन फार्म विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नामांकन शुल्क के साथ अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में मूल अर्हता प्रमाण–पत्र एवं माइग्रेशन प्रमाण–पत्र के साथ संलग्न कर जमा करें तथा परीक्षा आवेदन–पत्र उसी दशा में विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेंगे जब उनके साथ नामांकन फार्म संलग्न होंगे।
9. असंस्थागत/भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर के परीक्षार्थी निम्न महाविद्यालयों से अपने परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित कराकर परीक्षा में सम्मिलित हों लेकिन द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र उसी महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन–पत्र प्राप्त करें जिस महाविद्यालय से उन्होनें गत वर्ष प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा दी हैं।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

**कुलसचिव,**

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/776

दिनांक 02/03/2012

**प्रतिलिपि :–**

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
2. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. श्रीमान् संपादक महोदय ................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना को समस्त छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**